तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 26 जुलाई 2026



4 चौधरी ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर परखी गुणवत्ता






## खबर संक्षेप

### संत माइकेल स्कूल में 2 लाख की चोरी

**रायगढ़।** शहर के रामभांठा स्थित संत माइकेल अंग्रेजी माध्यम स्कूल के निर्माणाधीन नए भवन में अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए करीब 2 लाख रूपए की निर्माण सामग्री चोरी कर ली। चोर कमरे का ताला तोड़कर वायरिंग, प्लंबिंग और पेंटिंग का सामान लेकर फरार हो गए। मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, संत माइकेल अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्रबंधक फा. रोमानुस कुजूर ने शिकायत दर्ज कराई है कि 18 जुलाई की दोपहर करीब 12 बजे स्कूल बंद कर चले गए थे। 20 जुलाई की सुबह करीब 7:30 बजे स्कूल पहुंचे तो निर्माणाधीन नवीन विद्यालय के एक कमरे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखा वायरिंग का सामान, प्लंबिंग सामग्री, पेंट की बाल्टियां, तड़ित चालक (लाइटनिंग अरेस्टर) सहित अन्य निर्माण सामग्री गायब थी। प्रारंभिक आकलन के अनुसार चोरी गए सामान की कीमत करीब 2 लाख रूपए है। प्रबंधक ने 24 जुलाई को सिटी कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के साथ चोरी गए सामान के बिल भी पुलिस को सौंपे गए, जिनमें विद्युत सामग्री और प्लंबिंग सामग्री की खरीद से संबंधित दस्तावेज शामिल हैं। शिकायत के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) एवं 305 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने के साथ ही आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### भरण-पोषण विवाद के बाद सास से मारपीट

**रायगढ़।** कोतरा रोड थाना क्षेत्र के किरोड़ीमल नगर में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। भरण-पोषण के मामले की न्यायालय में सुनवाई के बाद कथित तौर पर शराब के नशे में पहुंचे दामाद ने अपनी सास के साथ गाली-गलौज और मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, किरोड़ीमल नगर निवासी रूखमणी साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी दूसरी बेटी कमलेश्वरी साहू का विवाह वर्ष 2022 में सामाजिक रीति-रिवाज से केनापाली निवासी हेमंत साहू के साथ हुआ था। पति-पत्नी के बीच विवाद होने के कारण मामला परिवार न्यायालय में विचाराधीन है। 24 जुलाई को भरण-पोषण प्रकरण की सुनवाई हुई थी। शिकायत के मुताबिक, उसी दिन शाम करीब 4 बजे हेमंत साहू उनके घर पहुंचा और दरवाजा खुलवाने के लिए जोर-जोर से पीटने लगा। दरवाजा खोलते ही उसने कथित रूप से शराब के नशे में गाली-गलौज शुरू कर दी और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इस दौरान जब रूखमणी साहू ने अपनी बेटी कमलेश्वरी से डायल-112 पर पुलिस को सूचना देने के लिए कहा, तो आरोपी घर का दरवाजा बाहर से बंद कर मौके से फरार हो गया।

## विधानसभा में सरकार के आंकड़ों से खुलासा, लगातार तीन साल से रायगढ़ की स्थिति चिंताजनक

# मासूमों की सांसों पर संकट! एनआईसीयू में मौतों का ग्राफ राजधानी से ढाई गुना ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के सरकारी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पताल की नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई यानी एनआईसीयू की तस्वीर बेहद चिंताजनक है। विधानसभा के मानसून सत्र में प्रस्तुत किए गए सरकारी आंकड़ों के अनुसार रायगढ़ में नवजात मृत्यु दर प्रदेश के चार प्रमुख मेडिकल कॉलेजों में लगातार सबसे खराब प्रदर्शन करने वालों में शामिल रही है। हालात ऐसे हैं कि रायपुर की तुलना में रायगढ़ में नवजात मृत्यु दर दो से ढाई गुना तक अधिक दर्ज की गई। यह स्थिति स्वास्थ्य सुविधाओं, विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता और नवजात उपचार व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों की एनआईसीयू में वर्षवार नवजात मृत्यु दर का तुलनात्मक आंकड़ा विधानसभा सत्र के दौरान सदन के समक्ष रखा गया था। इसमें रायगढ़ की स्थिति लगातार चिंता बढ़ाने वाली दिखाई दे रही है। वर्ष 2023-24 में रायगढ़ की नवजात मृत्यु दर 12.60 प्रतिशत रही। इसी अवधि में रायपुर में यह दर केवल 7.30 प्रतिशत थी। यानी रायगढ़ में रायपुर की तुलना में लगभग 73 प्रतिशत अधिक नवजातों की मौत हुई। हालांकि इस वर्ष सबसे खराब स्थिति बिलासपुर की रही, जहां मृत्यु दर 21.38 प्रतिशत दर्ज हुई।

वर्ष 2024-25 में रायगढ़ की स्थिति और बिगड़ गई। यहां नवजात मृत्यु दर बढ़कर 13.90 प्रतिशत पहुंच गई, जबकि रायपुर में यह घटकर 6.60 प्रतिशत रह गई। यानी रायगढ़ में मृत्यु दर रायपुर से दोगुने से भी अधिक रही। इस वर्ष भी बिलासपुर 19.17 प्रतिशत के साथ सबसे ऊपर रहा, लेकिन रायगढ़ दूसरे स्थान पर बना रहा। सबसे गंभीर तस्वीर 2025-26 में सामने आई। इस वर्ष रायगढ़ की नवजात मृत्यु दर 14.70 प्रतिशत दर्ज हुई, जबकि रायपुर में यह मात्र 5.90 प्रतिशत रही। यानी रायगढ़ में रायपुर की तुलना में करीब ढाई गुना अधिक नवजातों की मौत हुई।



शासन की ओर से विधानसभा के मानसून सत्र के लिए जानकारी मांगी गई थी, ऐसे में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एनआईसीयू से संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराए गए थे।
डॉ. संतोष कुमार
अधिष्ठाता, मेडिकल कॉलेज, रायगढ़

### पीडियाट्रिक्स सर्जन की भी कमी

एनआईसीयू में नवजात मृत्यु दर अधिक होने के पीछे समय पर रेफरल, विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी, अत्यधिक गंभीर मरीजों का दबाव, उपकरणों की उपलब्धता और उपचार व्यवस्था जैसे कई कारण हो सकते हैं। मुख्य बात यह है कि वर्तमान में पीडियाट्रिक्स सर्जन भी नहीं हैं, ऐसे में बच्चों के इलाज को लेकर भी दिक्कत हो रही है। गंभीर बच्चों को दूसरे जिलों व राज्यों में जाना पड़ता है।

### फैक्ट फाइल

एनआईसीयू में शिशु मृत्यु दर प्रतिशत में

| वर्ष | रायपुर | बिलासपुर | रायगढ़ | राजनांदगांव | औसत |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 7.30 | 21.38 | 12.60 | 17.56 | 14.71 |
| 2024-25 | 6.60 | 19.17 | 13.90 | 16.22 | 13.97 |
| 2025-26 | 5.90 | 13.77 | 14.70 | 11.39 | 11.44 |
| 2026-27 | 6.00 | 16.32 | 14.30 | 13.50 | 12.53 |

### नवजात मृत्यु दर कम करने में रहे विफल

इस वर्ष पहली बार रायगढ़ ने राजनांदगांव को भी पीछे छोड़ दिया और बिलासपुर के बाद दूसरे सबसे खराब प्रदर्शन वाला मेडिकल कॉलेज बन गया। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 (15 जून 2026 तक) के आंकड़े भी राहत देने वाले नहीं हैं। रायगढ़ की मृत्यु दर 14.30 प्रतिशत बनी हुई है, जबकि रायपुर में यह केवल 6 प्रतिशत है। यानी अब भी रायगढ़ की स्थिति राजधानी से दोगुने से अधिक खराब बनी हुई है। बिलासपुर में यह दर 16.32 प्रतिशत और राजनांदगांव में 13.50 प्रतिशत दर्ज की गई है। सरकारी आंकड़ों से यह भी स्पष्ट होता है कि जहां रायपुर लगातार अपनी नवजात मृत्यु दर कम करने में सफल रहा, वहीं रायगढ़ में तीन वर्षों के दौरान कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं दिखा। उलटे वर्ष 2023-24 के 12.60 प्रतिशत से बढ़कर 2025-26 में यह 14.70 प्रतिशत तक पहुंच गई।

### जेएसडब्ल्यू से लौट रहे कर्मचारी को ट्रक ने मारी टक्कर, चालक फरार

**रायगढ़।** जिले के भूपदेवपुर थाना क्षेत्र में जेएसडब्ल्यू नहरपाली प्लांट से ड्यूटी कर घर लौट रहे एक कर्मचारी को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रक्सापाली निवासी कृष्णा चंद्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उनका भाई भुजबल प्रसाद चंद्रा, जो जेएसडब्ल्यू नहरपाली कंपनी में कार्यरत है, 22 जुलाई की रात करीब 10 बजे ड्यूटी समाप्त कर अपनी मोटरसाइकिल सीजी-11-बीएच-0341 से घर लौट रहा था। रात करीब 10:30 बजे ग्राम रक्सापाली के पास एनएच पर उसकी बाइक को ट्रक ओआर-19-के-0894 ने टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो भुजबल प्रसाद चंद्रा सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला। उसकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हालत में सड़क किनारे पड़ी थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक चालक तेज और लापरवाही से वाहन चला रहा था, जिससे हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

## एसईसीएल कॉलोनी से 20 प्लास्टिक ड्रम और मोटर चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा थाना क्षेत्र स्थित निर्माणाधीन एसईसीएल कॉलोनी में प्लास्टिक ड्रम और टुल्लू मोटर की चोरी के मामले का पुलिस ने कुछ ही घंटों में खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी के दो प्लास्टिक ड्रम बरामद किए गए हैं, जबकि पूछताछ में उन्होंने 13 ड्रम और एक टुल्लू मोटर घूम-घूमकर कबाड़ खरीदने वालों को बेच देने की बात स्वीकार की है। पुलिस अब चोरी का शेष सामान खरीदने वाले कबाड़ियों की तलाश कर रही है।

इस संबंध में मिली के अनुसार, 24 जुलाई को निर्माण कार्य में मुंशी के रूप में कार्यरत अजय सिंह 42 वर्ष निवासी गाजीपुर ने थाना घरघोड़ा में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 19-20 जुलाई की रात अज्ञात चोर निर्माण स्थल से 15-20 नग 200 लीटर क्षमता के प्लास्टिक ड्रम और एक टुल्लू मोटर चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 10 हजार बताई गई। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने निर्माण स्थल पहुंचकर मजदूरों, सुपरवाइजर और आसपास के लोगों से पूछताछ की। जांच के दौरान ग्राम कंचनपुर निवासी बसंत राठिया, दिलीप राठिया और मिलन राठिया के घटना में शामिल होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उन्होंने मिलकर चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि चोरी किए गए 15 प्लास्टिक ड्रम और एक टुल्लू मोटर में से 13 ड्रम और मोटर को अलग-अलग घूमने वाले कबाड़ कारोबारियों को बेच दिया था। पुलिस ने उनके कब्जे से दो प्लास्टिक ड्रम बरामद कर जब्त कर लिए हैं। मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। साथ ही चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ियों की तलाश भी जारी है।



### बंद कमरे में मिली अधेड़ की सड़ी-गली लाश, हत्या की आशंका

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के ग्राम तराईमाल के धनवारपारा में शनिवार की दोपहर को एक मकान के बंद कमरे से अधेड़ व्यक्ति का सड़ा.गला शव देखा गया। सूचना मिलते ही पूंजीपथरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका के एंगल से भी जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान गणपति लाल भगत पिता नान्ही राम भगत वर्ष 50 वर्ष निवासी ग्राम गारे थाना तमनार हाल मुकाम धनवारपारा तराईमाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शव बंद कमरे में मिला और उसकी हालत काफी खराब थी। आशंका है कि मौत करीब दो से तीन दिन पहले हुई थी, जिससे शव सड़-गल चुका था।

## 14 लाख की लोहे की खेप हड़पने का खुलासा फर्जी ड्राइवर सहित चार गिरफ्तार, दो फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

करीब 30 टन एमएस चैनल एवं एमएस बीम की 14.22 लाख रुपये की हेराफेरी के मामले में चक्रधर नगर पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फर्जी ड्राइवर, फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस और दूसरे ट्रांसपोर्टर के वाहन का नंबर प्लेट लगाकर एमएसपी प्लांट से माल उठाया और उसे तय गंतव्य तक पहुंचाने के बजाय बेच दिया। मामले में दो अन्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 25 नवंबर 2025 को ट्रांसपोर्ट व्यवसायी ईश्वरी सिंह ने चक्रधरनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि एमएसपी प्लांट, जामगांव से जमशेदपुर भेजे जाने वाले 14.22 लाख रुपये मूल्य के एमएस चैनल और एमएस बीम रास्ते में गायब हो गए। जांच में पता चला कि खुद को विनोद साहू बताने वाला व्यक्ति न तो वास्तविक ड्राइवर था और न ही उसके दस्तावेज असली थे। उसने दूसरे ट्रांसपोर्टर की गाड़ी का नंबर प्लेट लगाकर माल लोड कराया था। विवेचना के दौरान



### बदले नंबर प्लेट से रची गई थी साजिश

पुलिस ने एमएसपी प्लांट के रिकॉर्ड, लोडिंग दस्तावेज, ट्रांसपोर्टर और वाहन मालिक से पूछताछ की। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पत्थलगांव निवासी भगतपुरी गोस्वामी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने खुलासा किया कि उसने फर्जी नाम से काम करने वाले ड्राइवर पुष पुरी गोस्वामी, वाहन मालिक विकास मल्लिक, तसौवर अंसारी उर्फ शाहरूख, अभय रवानी और प्रेम रवानी के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने ट्रांसपोर्टर के वाहन का नंबर इस्तेमाल कर माल उठाया और करीब 30 टन लोहे का सौदा मात्र 7 लाख रुपये में अभय रवानी को कर दिया। अभय ने आगे यह माल और ट्रक अपने परिचित राजीव मल्लिक को बेच दिया। पुलिस अब राजीव मल्लिक और फर्जी ड्राइवर पुष पुरी गोस्वामी की तलाश कर रही है।मामले में साक्ष्य मिटाने और सामूहिक षड्यंत्र के आरोप भी जुड़ने पर भारतीय न्याय संहिता की अतिरिक्त धाराएं 338 और 3(5) भी जोड़ी गई हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## घायल युवक के परिजनों ने इंजीनियर से की मारपीट, दोनों पक्षों ने दर्ज कराई एफआईआर

**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र के कोड़ातराई में सड़क हादसे के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी। एक पक्ष ने लापरवाही से बाइक चलाकर युवक को घायल करने का आरोप लगाया है, जबकि दूसरे पक्ष ने हादसे के बाद गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, कोड़ातराई निवासी विश्वेश्वर साव ने शिकायत में बताया कि उनका बेटा बंटी साव, जो पुसौर चौक कोड़ातराई में मोबाइल दुकान संचालित करता है, 22 जुलाई की रात करीब 9:15 बजे दुकान बंद कर पैदल घर लौट रहा था। इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 10 ईडी 3258 के चालक भरत लाल पटेल ने तेज एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। हादसे में बंटी साव का बायां पैर गंभीर रूप से फ्रैक्चर हो गया। उसे पहले अपेक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर आईसीयू में उपचार किया जा रहा है। आरोपी ने इलाज का पूरा खर्च उठाने का भरोसा दिया था, लेकिन केवल 1 लाख देने के बाद संपर्क बंद कर दिया। इस मामले में उन्होंने कार्रवाई और इलाज का पूरा खर्च दिलाने की मांग की है। वहीं, दूसरे पक्ष से भरत लाल पटेल ने भी जूटमिल थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह पुसौर से रायगढ़ मोटरसाइकिल बनवाकर लौट रहे थे। रास्ते में एक अज्ञात व्यक्ति को लिफ्ट देकर कोड़ातराई तक लाए। रात करीब 10 बजे जैसे ही उसे पुसौर चौक कोड़ातराई में उतारा, तभी विश्वेश्वर साव, गोलू साव और उनके एक अन्य साथी वहां पहुंचे और बंटी साव को टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। शिकायत के अनुसार, तीनों ने हाथ-मुक्कों और बांस के डंडे से मारपीट की, जिससे उनके चेहरे, दोनों हाथों, उंगली और कमर में चोटें आईं। मारपीट के दौरान उनका सैमसंग ए-36 मोबाइल भी कहीं गिर गया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है।

### बिना सत्यापन मकान किराये पर देने पर होगी कार्रवाई

# किराएदारों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में कानून.व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा नागरिकों के जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिताए 2023 की धारा 163 के अंतर्गत महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार अब रायगढ़ जिले के नगरीय एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में मकान किराये पर देने से पूर्व किरायेदार का पुलिस सत्यापन एवं उसकी जानकारी संबंधित थाना प्रभारी को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने जारी आदेश में कहा है कि यह संज्ञान में आया है कि कुछ असामाजिक तत्व आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के उद्देश्य से शहरी एवं अर्ध.शहरी क्षेत्रों में किराये के मकानों में रह रहे हैं। वहीं अधिकांश भवन स्वामी अपने किरायेदारों एवं घरेलू सहायकों का पुलिस सत्यापन नहीं कराते, जिससे अपराधों की रोकथाम एवं संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखने में कठिनाई आती है। इसे देखते हुए व्यापक जनहित में यह आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार कोई भी भवन स्वामी अथवा प्रतिष्ठान संबंधित थाना प्रभारी को किराएदार की जानकारी दिए बिना मकान या उसका कोई हिस्सा किराये पर नहीं देगा। यह व्यवस्था नए किरायेदारों के साथ.साथ पहले से रह रहे किरायेदारों पर भी लागू होगी। पुराने किरायेदारों की जानकारी भी संबंधित थाने में तत्काल उपलब्ध करानी होगी। भवन स्वामियों को प्रत्येक किरायेदार का नामए स्थायी पताए मोबाइल नंबर तथा वैध पहचान पत्र का विवरण अपने अभिलेख में सुरक्षित रखना होगा। यही जानकारी पुलिस को भी उपलब्ध करानी होगी। बिना वैध एवं प्रामाणिक पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को किराये पर आवास उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि किसी किरायेदार अथवा उसके यहां आने.जाने वाले व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध प्रतीत होती है तो इसकी सूचना तत्काल निकटतम पुलिस थाना या पुलिस चौकी को देना अनिवार्य होगा, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### उल्लंघन पर होगी दंडात्मक कार्रवाई




कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिताए 2023 की धारा 163;2द्ध के तहत तत्काल प्रभाव से एकपक्षीय रूप से लागू किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिताए 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि आदेश का व्यापक प्रचार.प्रसार लाउडस्पीकर सहित अन्य माध्यमों से किया जाए। साथ ही इसकी प्रति पुलिस थानों, नगरीय निकायों, कार्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।


MARK OF EXCELLENCE

मार्क हॉस्पिटल में पेट सम्बंधित सभी समस्याओं का अत्याधुनिक इलाज।

एक्सीलेंट गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी सर्विसेस:
- गैस, एसिडिटी, अपच एवं खट्टी डकार
- छाती में जलन
- पेट दर्द एवं सूजन
- कब्ज, दस्त एवं दस्त में खून
- उल्टी, हिचकी एवं खून की उल्टी
- खाना निगलने में परेशानी एवं आहार नली की समस्याएँ
- कभी भी निगली गई वस्तु (Foreign Body) का उपचार
- फैटी लिवर, हेपेटाइटिस (B/C), पीलिया एवं लिवर सिरोसिस
- अल्सर एवं GERD (Acidity/Reflux)
- IBS (इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम)
- पेट की टी.बी. एवं पेट में पानी
- अग्न्याशय (Pancreas) के रोगों का उपचार
- पेट, आंत एवं लिवर के रोगों का विशेषज्ञ उपचार
- एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी की सुविधा
- दूरबीन द्वारा पेट एवं आँत की आधुनिक जाँच





DR. MANISH KUMAR NAYAK
MBBS, MD, DRNB,
CONSULTANT GASTROENTEROLOGIST & HEPATOLOGIST

विशेषताएँ:
✔ अनुभवी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
✔ आधुनिक एंडोस्कोपी सुविधा
✔ सटीक जाँच एवं प्रभावी उपचार
✔ लिवर एवं पाचन रोगों की सम्पूर्ण देखभाल

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com

AdPRAYAS


Paper Jab Tough Hoga
SELECTION KA NUMBER और जबरदस्त HOGA
OUR TOPPERS → NEET (UG) 2026
ANSHIKA AGRAWAL 563/720 GENERAL RANK 10177
ADITYA SINGH RAJPOOT 563/720 GENERAL RANK 10098
TAASHU TAANK 564/720 GENERAL RANK 9895
SHUVAM SUBASISH 590/720 GENERAL RANK 5452
BHAVYA MISHRA 606/720 GENERAL RANK 3474
RAGHAV SINGH CHANDEL 632/720 GENERAL RANK 1600
AKSHAT TIWARI 592/720 EWS RANK 1463
UTKARSH VAISHNAV 576/720 Cat. RANK 9589
15030 SHIVENDRA KUMAR 558/720
20194 SUJAL PATEL 545/720
1188 ANKIT TANDON 544/720
16519 ARSH SHARMA 538/720
24403 VISHWAJEET SHRIVAS 536/720
1514 ARMAN OGREY 535/720
1718 DIPALI LAHARE 530/720
27467 SAHIL KUMAR KASHYAP 530/720
28494 DHEERAJ KASHYAP 528/720
32236 LAKESHWAR SAO 521/720
32975 VIKASH RATHORE 519/720
23080 MANSI CHANDWANI 517/720
23912 SONAL KUMAR 515/720
24340 SEJAL THAWRANI 514/720
36271 MUSKAN CHOUKSEY 514/720
35806 PADMANABH SAHU 514/720
36517 VISHNU NISHAD 513/720
37748 KANHA SAHU 511/720
25313 PRINCE SINGH 511/720
39042 SHRADDHA SONI 509/720
1040 AARCHI RAHI 493/720
34108 KRISHNA PURWANI 489/720
52620 PRAGATI CHANDRAKAR 488/720
34192 SUBHIKSHA AGRAWAL 488/720
4769 RENUKA BARMA 488/720
14348 ADITYA SINGH 482/720
36772 ANUSHKA PRASHANT BARPANDE 482/720
62076 HARSH 475/720
63420 SWATI PATEL
6626 ADARSH CHOUDHARY
63493 AARTI SAHU
7071 AYUSH SINGH JANHVI
2147 AMAN AGARIYA
5083 MAKHAN SINGH KHADIYA
7041 VAISHNAVI
7124 ARYAN MARKAM
9613 NISCHAL MERSA
9700 TULSI RATHIA
9852 SULENDRA PAIKRA
12092 GIRIJA RATHIA
13288 PRERNA EKKA
13715 KAMESHWAR MARAVI
14110 KOMAL PAIKRA
14141 HARSHITA MAHLA
16003 VAIBHAV RAO
16183 MANASI
16219 POONAM DHURWE
16476 PANKAJ KUMAR SARWAY
18916 SMRITI KACHCHHAP
19791 ANURAG DINKAR
20348 PRAVEEN GHRITLAHARE
21995 KHWAYESH GHRITLAHARE
23623 PAYAL TOPPO
24164 AVINASH BHAGAT
24284 HIMANSHU DINKER
24423 POISHA BANJARE
26542 ANUSHKA DHANSON
33809 ANNPOORNA GHRITLAHARE
42420 HARSH DAHARIYA
52992 DAMINI BANJARE
55343 RIMI
59145 ANKIT NIRALA
62294 CHITRESH BANJARE
67035 LUCKY MEHRA
72479 PANKAJ KUMAR JANGDE
75495 VIDHI MANHAR
80674 POOJA
& MANY MORE.....
120+ ACHARIANS ARE GOING TO BECOME DOCTORS!
*Calculated as per previous cut-off in all categories & Streams*
DROPPER'S 2026-27 NEW BATCH 29th JULY
ADMISSION OPEN
Special ACHIEVERS BATCH
MINIMUM FEES FOR 400+ SCORING STUDENT
For More Details Contact: 7225007662
Batch Starting 6th AUGUST 2026
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
ACHARYA INSTITUTE
A Promise beyond excellence
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
9109492226
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US ON INSTAGRAM
ADMISSION START
FOR ADMISSION

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत 12 सितंबर को

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वावधान में आगामी 12 सितंबर शनिवार को जिला एवं तालुका स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मुकदमों का आपसी रजामंदी से त्वरित निपटारा करना है। राजस्व न्यायालयों में राजस्व अधिकारियों द्वारा राजस्व मामले भू-अर्जन, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा एवं अन्य राजस्व मामलों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में किया जाएगा। वहीं समस्त राजीनामा योग्य मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, शमनीय मामले, बैंक के वसूली, नगर पालिक निगम, दूरसंचार विभाग की वसूली योग्य एवं न्यायालय के लंबित प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जाएगा। जो भी पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराना चाहते हैं, वे अपने प्रकरण को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में रखने हेतु निवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, तालुका विधिक सेवा समिति कुनकुरी, तालुका विधिक सेवा समिति बगीचा एवं तालुका विधिक सेवा समिति पत्थलगांव में संपर्क कर सकते है।

### जन्म प्रमाण पत्र बनाने मांगा पैसा, सचिव निलंबित

**बलरामपुर।** जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रूपए मांगने के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर जांच टीम ने रूपए मांगने की पुष्टि होने पर पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया है। बता दें कि जनपद पंचायत बलरामपुर के ग्राम पंचायत भेलवाडीह के पंचायत सचिव विष्णुपद मण्डल को ऑनलाइन जन्म प्रमाण-पत्र बनाने के नाम पर राशि मांगने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी संस्थित की गई है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया में एक ऑडियो प्रसारित होने के बाद की गई जिसमें ऑनलाइन जन्म प्रमाण-पत्र बनाए जाने के लिए 200 रूपए की मांग किए जाने का आरोप लगाया गया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत स्तर पर दो सदस्यीय जांच दल गठित कर मामले की जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन में शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाई गई। जांच में पाया गया कि पंचायत सचिव का कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम, 1998 के नियम 3(1)(2)(3) का उल्लंघन करते हुए कदाचार की श्रेणी में आता है। इसके बाद संबंधित पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। पंचायत सचिव द्वारा 17 जुलाई 2026 को अपना जवाब प्रस्तुत किया गया, लेकिन सक्षम प्राधिकारी द्वारा उसका परीक्षण करने पर जवाब असंतोषजनक पाया गया। जिसके आधार पर जिला पंचायत सीईओ के द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1999 के नियम-4 के तहत विष्णुपद मण्डल, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत भेलवाडीह (अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत बरदर) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

बने 3 हजार वाटर एब्जॉर्प्शन टैंक, भू-जल संवर्धन को मिलेगा नया आधार

# मोर गांव, मोर पानी अभियान से घोघर बना प्रेरणादायी मॉडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मोर गांव, मोर पानी अभियान से घोघर एक प्रेरणादायी मॉडल बन गया है। यहां बने 3 हजार वाटर एब्जॉर्प्शन टैंक से भू-जल संवर्धन को नया आधार मिलेगा। वर्षा जल संरक्षण के लिए यह एक अनूठी पहल है।

- वर्षा जल संरक्षण की है यह अनूठी पहल

जल सुरक्षा सुनिश्चित करने, भू-जल स्तर को सुदृढ़ बनाने तथा प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण के उद्देश्य से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण योजनांतर्गत संचालित मोर गांव, मोर पानी महाअभियान के तहत बगीचा विकासखंड की ग्राम पंचायत घोघर में 3 हजार वाटर एब्जॉर्प्शन टैंक का निर्माण किया गया है। यह पहल वर्षा जल संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सामने आई है और जल प्रबंधन की दिशा में घोघर ग्राम पंचायत को एक प्रेरणादायी मॉडल के रूप में स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। जिससे लोगों में वर्षा जल के महत्व, भू-जल संरक्षण तथा भविष्य में संभावित जल संकट के प्रति जागरूकता बढ़ी है। कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में संचालित यह अभियान वर्षा जल के अधिकतम संचयन, भू-जल पुनर्भरण और टिकाऊ कृषि व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक प्रभावी एवं दूरदर्शी पहल सिद्ध हो रहा है।

### वर्षा जल का होगा प्रभावी संचयन

ग्राम पंचायत घोघर में निर्मित वाटर एब्जॉर्प्शन टैंक वर्षा ऋतु के दौरान बहकर व्यर्थ जाने वाले पानी को भूमि के भीतर समाहित करने का कार्य कर रहा है। इससे भू-जल स्तर के पुनर्भरण में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा खेतों में लंबे समय तक नमी बनी रहेगी। परिणामस् वरूप किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा। फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी और कृषि अधिक टिकाऊ एवं लाभकारी बन सकेगी। यह पहल भविष्य में जल संकट और सूखे जैसी परिस्थितियों के प्रभाव को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन तथा जल संसाधनों के वैज्ञानिक व सतत उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा।

### है व्यापक नजागरूकता अभियान

मोर गांव, मोर पानी महाअभियान केवल जल संरक्षण तक सीमित नहीं है बल्कि यह जनभागीदारी आधारित व्यापक जनजागरूकता अभियान भी है। ग्राम पंचायत घोघर में स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता से 3 हजार वाटर एब्जॉर्प्शन टैंकों का निर्माण सफलतापूर्वक किया गया है। जिससे जल संरक्षण के प्रति लोगों में जिम्मेदारी और सहभागिता की भावना विकसित हुई है। यह पहल आने वाले वर्षों में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने, भू-जल स्तर को सुदृढ़ बनाने, कृषि उत्पादन बढ़ाने तथा ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही यह अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी जल संरक्षण का एक प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय मॉडल बनकर उभर रही है।

# अवैध अतिक्रमण हटाकर वन विभाग ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



सन्ना वन परिक्षेत्र में वन भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाकर पौध रोपण किया गया। वन एवं वन्य जीव संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए जशपुर वन मण्डल द्वारा वनभूमि पर किए जा रहे अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

- बेजा कब्जा के विरुद्ध की जा रही लगातार प्रभावी कार्रवाई

इसी क्रम में विगत 23 जुलाई को वन परिक्षेत्र सन्ना अंतर्गत दो अलग-अलग स्थानों पर अवैध अतिक्रमण हटाकर वन भूमि को पुनः वन विभाग के आधिपत्य में लिया गया तथा मुक्त कराई गई भूमि पर तत्काल पौधरोपण किया गया। ग्राम सुलेसा में 0.669 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त वन परिक्षेत्र सन्ना के ग्राम सुलेसा स्थित कक्ष क्रमांक पी-107 में लगभग 0.669 हेक्टेयर वनभूमि पर अनिल राजवाड़े द्वारा अवैध अतिक्रमण किया जा रहा था। सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग का अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जे को हटाकर संपूर्ण वनभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। वनभूमि को पुनः हरित स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से मुक्त कराई गई भूमि पर उसी दिन पौधे रोपे गए। वहीं वन परिक्षेत्र सन्ना के ग्राम चुंदापाठ स्थित कक्ष क्रमांक पी.एफ. 109 में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सूर्यनारायण यादव, पिता जानकी यादव, जाति अहीर निवासी चुंदापाठ द्वारा वनभूमि पर अवैध रूप से छपरी का निर्माण कर उसमें मवेशी रखे जा रहे थे। वन विभाग की टीम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उक्त अवैध निर्माण को तत्काल ध्वस्त किया गया तथा संबंधित व्यक्ति को वनभूमि से बेदखल कर शासकीय वनभूमि को पुनः अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### वनभूमि संरक्षण के लिए निरंतर अभियान

जशपुर वनमण्डल द्वारा वनभूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण, निर्माण अथवा कब्जे के विरुद्ध लगातार निगरानी रखी जा रही है। वन विभाग का उद्देश्य केवल अतिक्रमण हटाना ही नहीं, बल्कि मुक्त कराई गई भूमि पर पौध रोपण एवं प्राकृतिक पुनर्जीवन के माध्यम से वनों का संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित करना भी है। वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि शासकीय वनभूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अथवा निर्माण न करें। यदि कहीं भी वनभूमि पर अतिक्रमण अथवा वन अपराध की जानकारी प्राप्त होती है, तो इसकी सूचना तत्काल निकटतम वन कार्यालय को दें, ताकि समय रहते आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा सके। जशपुर वनमण्डल द्वारा भविष्य में भी वन संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त एवं प्रभावी अभियान निरंतर जारी रखा जाएगा।

## घरघोड़ा प्रशासन की मनमानी, हाईकोर्ट ने लगाया शासन पर 25 हजार का जुर्माना

**घरघोड़ा।** रायगढ़ जिले के तहसील घरघोड़ा में कार्यपालिक दंडाधिकारी तहसीलदार के मनमाने आदेश के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा अपने महत्वपूर्ण फैसले में शासन पर 25 हजार का जुर्माना लगाया है।

दरअसल प्रकरण इस प्रकार है कि दिनांक 05/10ण/2025 को फिरोज कश्यप द्वारा याचिकाकर्ता अशरफ बेग के विरुद्ध घरघोड़ा थाने में शिकायत की गई, जिसपर कार्यवाही करते हुए घरघोड़ा पुलिस द्वारा तहसीलदार के समक्ष भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126/130 के अंतर्गत प्रतीबंधात्मक कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसपर तहसीलदार द्वारा एक लाख रुपये की जमानत राशि एवं जमानतदार प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया। याचिकाकर्ता द्वारा उक्त जमानत राशि प्रस्तुत करने के बाद भी कार्यपालिक दंडाधिकारी/ तहसीलदार द्वारा याचिकाकर्ता अशरफ बेग को जेल में निरुद्ध करने का आदेश पारित किया गया था। जिसके विरुद्ध अशरफ बेग द्वारा माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के समक्ष अपने अधिवक्ता सुनील ठाकुर एवं आशुतोष मिश्रा के माध्यम से याचिका प्रस्तुत की। याचिका प्रस्तुत होने की जानकारी होते ही आनन फानन में तहसीलदार द्वारा रिहाई आदेश जारी किया गया। जिसके बाद द्वारा उक्त प्रकरण में शासन के विरुद्ध नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया। मामले के अंतिम सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता द्वारा गिरफ्तारी की सूचना न देने, संज्ञेय अपराध आकर्षित न होने के आधारों का उल्लेख करते हुए तहसीलदार द्वारा किये गये आदेश को मनमानीपूर्णए विधि विरुद्ध एवं संविधान की अनुच्छेद 21 का घोर उल्लंघन बताते हुए अपने तर्क प्रस्तुत किए। जिसपर विचार करते हुए उच्च न्यायालय के युगलपीठ मुख्य न्यायधीश रमेश सिन्हा एवं न्यायमूर्ति रविंद्र अग्रवाल द्वारा तहसीलदार के उक्त आदेश को उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों की अवहेलना बताते हुए एवं याचिका स्वीकार कर शासन के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए उक्त राशि 30 दिवस के भीतर याचिकाकर्ता को प्रदान करने हेतु आदेशित किया गया है।

## भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**रायगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई ऐतिहासिक एवं कड़े कदमों की घोषणा तथा अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक द्वारा अनशन समाप्त किए जाने के बाद कांग्रेस सहित इण्डी गठबंधन के घटक दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इन घटनाक्रमों ने विपक्ष के असली राजनीतिक चरित्र और उनके भारत विरोधी एजेंडे की पूरी तरह पोल खोल दी है। भाजपा जिला अध्यक्ष दीवान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए त्वरित और अभूतपूर्व कदम उठाने की घोषणा की है। मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा न केवल त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन के निर्देश दिए हैं, बल्कि दोषियों को 5 से 10 साल की कड़ी सजाए कठोर जमानत शर्तों और दोषी पाए जाने पर संबंधित कोचिंग संस्थानों को बंद करने जैसे कठोर प्रावधानों वाले कानून का मसौदा तैयार करवाया जा रहा है। सरकार की इस त्वरित संवेदनशीलता और पारदर्शी नीयत के बाद केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी में सोनम वांगचुक ने भी सरकार के सकारात्मक रुख पर भरोसा जताते हुए अपना अनशन समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा पूरे घटना क्रम से स्पष्ट है कि मोदी सरकार देश के छात्रों और युवाओं के हित में चट्टान की तरह खड़ी है। वही दूसरी ओर, कांग्रेस और उनके सहयोगियों का एकमात्र एजेंडा छात्रों के कंधे पर बन्दूक रखकर अपनी राजनीतिक रोटियाँ सेंकते हुए देश में असंतोष की आग भड़काना था।



## पंचायत भवन का ताला तोड़ 55 बोरी चावल और 3 बोरी शक्कर चोरी, 49,500 रुपये का राशन पार

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम कोंडपाली पंचायत भवन में रखे सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के राशन पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चोर पंचायत भवन का ताला तोड़कर 55 बोरी अरवा चावल और 3 बोरी शक्कर चोरी कर ले गए। चोरी गए राशन की कीमत 49 हजार 500 रूपए आंकी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस समय में मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम तरडा निवासी सुभाष प्रधान 52 साल जो वर्तमान में ग्राम पंचायत लारा एवं कोंडपाली में पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत हैं, ने शिकायत दर्ज कराई है कि 25 जून 2026 को वितरण के लिए 163 क्विंटल 31 किलोग्राम अरवा चावल और 3 क्विंटल 96 किलोग्राम शक्कर पंचायत भवन कोंडपाली में रखी गई थी। 20 जुलाई की शाम करीब 6 बजे तक राशन वितरण करने के बाद उन्होंने पंचायत भवन में ताला लगाकर घर चले गए। अगले दिन 21 जुलाई की सुबह करीब 9:30 बजे जब वे दोबारा वितरण के लिए पहुंचे तो पंचायत भवन का मुख्य गेट खुला मिला और ताला गायब था। अंदर जाकर देखा तो जिस कमरे में चावल और शक्कर रखी गई थी, उसका कुंदा टूटा हुआ था और वहां लगा ताला भी नहीं था। सुभाष प्रधान ने तत्काल इसकी जानकारी सरपंच विनोद पण्डा को दी। दोनों ने मौके का निरीक्षण किया तो पता चला कि 55 बोरी अरवा चावल और 3 बोरी शक्कर, जिसकी कुल कीमत 49,500 है, अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं। शिकायत के आधार पर पुसौर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि चोरी में कितने लोग शामिल थे और राशन को किस माध्यम से ले जाया गया।

## रोटरी क्लब का 16वां शपथ ग्रहण समारोह नए पदाधिकारियों व सदस्यों ने ली शपथ



**रायगढ़।** रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर का वर्ष 2026-27 का 16वां भव्य शपथ ग्रहण समारोह गेलेक्सी मॉल में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलम सिंह रुपरा, विशिष्ट अतिथि आशीष अग्रवाल व हरपाल रुपरा की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात मंचासीन सभी अतिथियों का क्लब के सदस्यों ने गुलदस्ता एवं माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं इंट्रैक्ट क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर के बच्चों ने तिलक लगाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। जिससे माहौल और भी खुशनुमा हो गया। शपथ ग्रहण के भव्य समारोह में अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने विगत वर्ष 2025-26 की सामाजिक गतिविधियों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान, महिला सशक्तिकरण और सेवा कार्यों की जानकारी दी। उपस्थित सभी लोगों ने कार्यों की सराहना की। इसी तरह मुख्य अतिथि आलम सिंह रूपरा ने कहा कि रायगढ़ रोटरी के सभी सदस्यगण बेहतर ढंग से सामाजिक कार्यों को नव्यता दे रहे हैं। जिससे समाज के लोग लाभान्वित भी हो रहे हैं। सेवा कार्य में सभी मिलकर योगदान देने की अपील की गई। जिससे समाज व देश का हित हो। नवीन पदाधिकारियों और सदस्यों ने ली शपथ कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी के नवीन अध्यक्ष मनीष जायसवाल, नवीन सचिव गिरधर खेमका व नवीन कोषाध्यक्ष उत्पल जायसवाल ने शपथ ली।

## नीट धांधली : कुनकुरी के छात्र युवा कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**जशपुरनगर।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में धांधली और पेपर लीक के आरोपों को लेकर कुनकुरी में भी सियासी और छात्र आक्रोश भड़क उठा है। युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष जयंत लकड़ा की अगुवाई में शनिवार को शहर के मुख्य चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया गया।




इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें सैकड़ों की तादाद में छात्र-छात्राओं और प्रतियोगी परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष जयंत लकड़ा ने केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर सीधा हमला बोला और कहा कि देश का युवा सालों-साल कोचिंग और कमरों में बंद होकर तैयारी करता है, लेकिन पेपर लीक और धांधली के कारण होनहार बच्चों का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। यह महज एक परीक्षा में गड़बड़ी का मामला नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के सपनों के साथ हुआ धोखा है। जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिकता के आधार पर इस्तीफा नहीं देते, तब तक यह लड़ाई थमने वाली नहीं है।

# विपक्ष का भारत विरोधी एजेंडा बेनकाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



- भाजपा जिलाध्यक्ष का विपक्ष पर तीखा हमला
- कहा-पीएम मोदी का कदम निर्णायक

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भरत सिंह ने नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई ऐतिहासिक घोषणा तथा अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक द्वारा अनशन समाप्त किए जाने के बाद कांग्रेस सहित 'इण्डी गठबंधन' के घटक दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इन घटनाक्रमों ने विपक्ष के असली राजनीतिक चरित्र और उनके भारत विरोधी एजेंडे की पूरी तरह पोल खोल दी है।

भाजपा जिला अध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए त्वरित और अभूतपूर्व कदम उठाने की घोषणा की है। उनके नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा न केवल त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन के निर्देश दिए गए हैं, बल्कि दोषियों को 5 से 10 साल की कड़ी सजा, कठोर जमानत शर्तों और दोषी पाए जाने पर संबंधित कोचिंग संस्थानों को बंद करने जैसे कठोर प्रावधानों वाले कानून का मसौदा तैयार करवाया जा रहा है। सरकार की इस त्वरित संवेदनशीलता और पारदर्शी नीयत के बाद केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी में सोनम वांगचुक ने भी सरकार के सकारात्मक रुख पर भरोसा जताते हुए अपना अनशन समाप्त कर दिया।

### युवाओं के हित में खड़ी है मोदी सरकार

भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह पूरी घटना यह दर्शाती है कि मोदी सरकार देश के छात्रों और युवाओं के हित में चट्टान की तरह खड़ी है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस और उनके सहयोगियों का एकमात्र एजेंडा छात्रों के कंधे पर बंदूक रखकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना और देश में असंतोष की आग भड़काना था। उन्होंने कहा कि विपक्ष को कभी भी छात्रों के भविष्य या न्याय से कोई लेना-देना नहीं था। वे केवल देश में अराजकता का माहौल बनाना चाहते थे। जब सरकार ने समस्या की जड़ से समाधान के लिए कड़ा कानून बनाने की दिशा में काम किया, तो इण्डी गठबंधन का चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो गया।

न्यायालय तहसीलदार खरसिया
जिला रायगढ़ (छ.ग.)
-: समाचार पत्र में प्रकाशन :-
सूचना पत्र
रा.प्र.क्र. - जन्म / मृत्यु/
स-132-2025-2026
ग्राम रतनमहका तहसील खरसिया
रामधन माली पिता/पति जगदीश माली निवासी रतनमहका तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.)
**आवेदक.......**
बनाम
छ.ग. शासन
**.......अनावेदक**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक/आवेदिका रामधुन माली पिता/पति जगदीश माली ग्राम रतनमहका तहसील खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा अपने माता सुकमत माली का मृत्यु दिनांक 21.01.2024 स्थान रतनमहका तहसील खरसिया जिला रायगढ (छ.ग.) में पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक-17/08/2026 को नियत है।

प्रकरण में राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र के माध्यम सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में नियत पेशी / सुनवाई दिनाँक को उपस्थित होकर अपना आपत्ति / जवाब प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथी को उपस्थित न होने की स्थिति में नियत तिथी के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 17/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
खरसिया

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### स्कूली बच्चों को वितरित किए गए छाते

**चंद्रपुर।** नगर के व्यवसायी हनुमान प्रसाद एंड संस द्वारा चंद्रपुर के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के बीच उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर एसबीएस पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुर, शासकीय प्राथमिक शाला चंद्रपुर तथा शासकीय प्राथमिक शाला शशिपुरए चंद्रपुर के विद्यार्थियों को बरसात को ध्यान में रखते हुए छाते तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलर सेट एवं कलर बुक वितरित किए गए। सामग्री प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। विद्यालयों के प्रधानपाठकों एवं शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ाने के साथ साथ समाज में सहयोग और सेवा की भावना को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान तीनों विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। सभी ने हनुमान प्रसाद एंड संस द्वारा किए गए इस जनहितकारी कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। इस अवसर पर हनुमान प्रसाद एंड संस के प्रतिनिधियों ने कहा कि बच्चों की शिक्षा और उनका सर्वांगीण विकास समाज की साझा जिम्मेदारी है।

### अभिनव स्कूल के छात्रों ने मनाया शहीद दिवस

**पुसौर।** कारगिल युद्ध में देश की रक्षा करते हुए प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों की स्मृति में शुक्रवार को पुसौर के गांधी चौक में अभिनव स्कूल के छात्र छात्राओं ने शहीद दिवस का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति और शौर्य का अद्भुत प्रदर्शन किया। छोटे-छोटे बच्चे सैनिकों की वर्दी में गांधी जी की प्रतिमा के सामने एकत्र हुए। हाथों में तिरंगा लिए और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ पूरे गांधी चौक का माहौल देशभक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने से हुई। इसके बाद बच्चों ने देशभक्ति गीत और नारे प्रस्तुत किए। कुछ बच्चों ने सैनिकों की वेशभूषा धारण कर और कुछ ने हाथों में खिलौना बंदूक लेकर कारगिल के वीर जवानों के बलिदान को याद किया। स्कूल की शिक्षिकाओं के साथ नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव ने भी बच्चों के साथ तिरंगा लहराया। इस दौरान वंदे मातरम सारे जहां से अच्छा जैसे गीतों से पूरा वातावरण गौरव और गर्व से भर गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों को कारगिल युद्ध के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1999 में कारगिल की बर्फीली चोटियों पर हमारे जवानों ने कैसे दुश्मनों को परास्त कर देश की आन-बान-शान को बचाया। सैकड़ों जवानों ने अपनी जान देकर यह साबित किया कि देश से बढ़कर कुछ नहीं। नगर उपाध्यक्ष उमेश साव ने कहा कि आज के बच्चे ही कल के भारत का भविष्य हैं।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला 29 को

**रायगढ़।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय रोजगार सेवा अंतर्गत जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, रायगढ़ द्वारा 29 जुलाई को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, रायगढ़ में आयोजित होगा। इस मेले में चार प्रतिष्ठित निजी कंपनियां भाग लेंगी जिनके माध्यम से 173 रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में श्रीराम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू नहरपाली खरसिया रोड, रायगढ़, कृष्णा अर्थ मूवर्स नीयर सीएमओ ऑफिस के पास तथा प्रगति फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, बिलासपुर भाग लेंगी। श्रीराम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा टू व्हीलर फाइनेंसर, पर्सनल लोन बिजनेस, लोन ऑफिसर, इंश्योरेंस ऑफिसर एवं कलेक्शन ऑफिसर के 40 पदों पर भर्ती की जाएगी।

# वित्त मंत्री ने सुनी कार्यकर्ताओं की समस्याएं, त्वरित निराकरण के निर्देश

## ग्राम कोटवार नियुक्ति में अनियमितता का आरोप, सरिया तहसीलदार की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

रायगढ़ जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कार्यकर्ताओं एवं आमजन से आत्मीयता के साथ मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे सरिया क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने सरिया तहसीलदार कोमल प्रसाद साहू के विरुद्ध हाल ही में ग्राम बोन्दा, कटंगपाली और खोखेपुर में ग्राम कोटवार नियुक्ति में की गई अनियमितता पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। वित्त मंत्री से ग्राम बोन्दा, कटंगपाली और खोखेपुर में हुई ग्राम कोटवार की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर विवाद गहरा गया है। शिकायतकर्ता आशीष कुमार सिदार खोखेपुर एवं गोविंद चौहान कटंगपाली ने वित्त मंत्री




ओपी चौधरी को आवेदन देकर आरोप लगाया गया है कि तहसीलदार द्वारा नियुक्ति के दौरान नियमों की अनदेखी करते हुए भारी अनियमितता बरती गई। इससे अभ्यर्थियों और ग्रामीणों में असंतोष का माहौल है। आरोप है कि पात्रता एवं निर्धारित प्रक्रिया का पूरी तरह पालन नहीं किया गया। जिससे नियुक्ति की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा होना लाजिमी हैं। प्रभावित पक्ष ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा नियुक्ति प्रक्रिया की पुनः समीक्षा की मांग की है। भाजपा सोशल मीडिया के जिला संयोजक चूड़ामणि पटेल ने कहा है कि जनदर्शन आम नागरिकों और क्षेत्रीय विधायक ओपी चौधरी जी के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम है। वहीं तहसीलदार सरिया कोमल प्रसाद साहू का कहना है कि ग्राम कटंगपाली के पूर्व कोटवार गोविन्द राम चौहान एवं ग्राम बोन्दा के पूर्व कोटवार बेलाल कुर्रे को शासकीय सेवा भूमि कोटवारी भूमि मे कृषि कार्य से पृथक अवैध उत्खनन कर शासकीय भूमि मे खदान, गड्ढा बनाने के कारण छग भू राजस्व संहिता के प्रावधानो के अनुसार कदाचारण हेतु पदच्युत, बर्खास्त किया गया है तथा ग्राम कटंगपाली के पदच्युत कोटवार गोविन्द चौहान के पिता सेवक राम चौहान को भी कोटवारी भूमि पर अवैध पत्थर खनन करने के कारण वर्ष 2015 मे बर्खास्त किया गया है। कोटवारी नियुक्ति हेतु किसी भी कदाचरण के कारण बर्खास्त या पदच्युत कोटवार को कोटवार नियुक्ति हेतु प्राथमिकता देने का प्रावधान नियम मे नहीं है और ऐसे आवेदक अपात्र है। इस कारण उक्त दोनों कोटवार के संतानो को कोटवारी नियुक्ति मे प्राथमिकता नहीं दिया गया है।

# अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति में देरी, पढ़ाई हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के शासकीय महाविद्यालयों में नया शैक्षणिक सत्र 1 जुलाई से शुरू हो चुका है, लेकिन अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति अब तक नहीं होने से कई विषयों की नियमित कक्षाएँ प्रभावित हो रही हैं। इसका असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर साफ दिखाई दे रहा है। छात्र प्रतिदिन महाविद्यालय पहुँच रहे हैं, लेकिन संबंधित विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं होने से उन्हें बिना पढ़ाई के लौटना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। रायगढ़ जिले के शासकीय महाविद्यालय भी इससे अछूते नहीं हैं। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से नियुक्ति संबंधी आदेश जारी नहीं होने के कारण महाविद्यालय प्रशासन भी आगे की कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। छात्रों का कहना है कि सत्र शुरू हुए तीन सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन कई विषयों की कक्षाएँ नियमित रूप से संचालित नहीं हो रही हैं। इससे पाठ्यक्रम समय पर पूरा होने और परीक्षा की तैयारी को लेकर चिंता बढ़ गई है। इधर, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी सवाल उठने लगे हैं। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि गुणवत्तापूर्ण और सतत शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए समय पर शिक्षकों की उपलब्धता आवश्यक है। ऐसे में नियुक्ति में देरी से नीति के उद्देश्यों पर भी असर पड़ रहा है। महाविद्यालय प्रशासन का कहना है कि 17 जुलाई को अतिथि व्याख्याता नीति-2024 में संशोधन के बाद नई नीति जारी की गई है। विभागीय निर्देश मिलते ही नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर नियमित कक्षाएँ शुरू कर दी जाएंगी।

# अटैचमेंट के खेल से स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

**पुसौर।** पुसौर विकासखंड के कई शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी और एकल शिक्षकीय व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जिन शिक्षकों की मूल पदस्थापना स्कूलों में है, उनमें से कुछ लंबे समय से अन्य विभागों में सेवाएं दे रहे हैं। इससे संबंधित स्कूलों में नियमित शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के कई विद्यालय वर्षों से एकल शिक्षकीय व्यवस्था में संचालित हो रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि पर्याप्त शिक्षकों की अनुपलब्धता का सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। आरोप यह भी है कि कुछ छात्रावासों एवं स्कूलों में पदस्थ चपरासी भी जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय सहित अन्य विभागों में कार्यरत हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इन कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर वापस भेजा जाए तो विद्यालयों और छात्रावासों की व्यवस्थाओं में सुधार हो सकता




है। इस मामले को लेकर शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्र के कुछ संकुल समन्वयकों एवं शिक्षकों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर स्वीकार किया कि ऐसे मामले मौजूद हैं और लंबे समय से बने हुए हैं। स्थानीय नागरिकों एवं अभिभावकों ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि मूल पदस्थापना से बाहर कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा आवश्यकता होने पर उन्हें उनके मूल विद्यालयों में पदस्थ किया जाए, ताकि शिक्षण व्यवस्था सुदृढ़ हो सके और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

### जीवनदीप समिति एवं सेक्टर बैठक आयोजित

**घरघोड़ा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहिरकेला में शनिवार को जीवनदीप समिति एवं सेक्टर बैठक का आयोजन खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा डॉ. सेतराम पैंकरा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। विशेष रूप से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, सघन कुष्ठ खोज एवं जांच अभियान मितानिन कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण तथा अन्य जनस्वास्थ्य गतिविधियों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी कार्यक्रमों में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करनेए क्षेत्रीय भ्रमण एवं सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं आमजन तक पहुँचाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. सेतराम पैंकरा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन टीमवर्क, नियमित समीक्षा एवं सामुदायिक सहभागिता से ही संभव है।

# चौधरी ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर परखी गुणवत्ता

## फोर लेन सड़क व मरीन ड्राइव सहित कई परियोजनाओं की प्रगति का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने शहर की प्रमुख निर्माणाधीन परियोजनाओं का गुणवत्ता सुनिश्चित करने स्थलीय निरीक्षण भी किया और प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने तथा निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने फोर लेन सड़क, गोवर्धनपुर पुल, मरीन ड्राइव, दूध डेयरी एवं एफसीआई ऑक्सीजोन, चांदमारी एवं मोदीनगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और लोहरसिंह स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स सहित कई परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। प्रत्येक स्थल पर उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, तकनीकी गुणवत्ता, कार्य की समय सीमा तथा



आगामी कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शहर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए कोतरारोड थाना चौक से ढिमरापुर, ढिमरापुर से सीएमएचओ कार्यालय तिराहा तथा सर्किट हाउस मार्ग सहित विभिन्न हिस्सों में फोर लेन सड़क निर्माण से यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी तथा नागरिकों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा। इसी तरह गोवर्धनपुर पुल शहर की बहुप्रतीक्षित और महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक है। इसका कार्यादेश जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही निर्माण कार्य तेज गति से प्रारंभ होगा। पुल बनने के बाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों के बीच संपर्क बेहतर होगा और लोगों को लंबे समय से चली आ रही आवागमन संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। वित्त मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, जिससे रायगढ़ को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित, सुविधासंपन्न और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित शहर के रूप में स्थापित किया जा सके।

**वर्षों से लंबित परियोजनाओं को मिल रही प्राथमिकता**

वित्त मंत्री ने कहा कि रायगढ़ में कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएं पिछले तीन से चार दशकों से विभिन्न कारणों से लंबित थीं। राज्य सरकार अब इन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि शहर को आधुनिक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और उनका लाभ अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचे। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है।



# 8 दिन बाद मौसी मां के घर से वापस लौटे महाप्रभु जगन्नाथ

**चंद्रपुर।** महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा 8 दिनों तक मौसी मां के घर आतिथ्य स्वीकार करने के बाद शुक्रवार को नगर के प्रमुख मार्गों भारत माता चौक, मंदिर गलीए देवांगन मोहल्ला, यादव मोहल्ला एवं बस स्टैंड सहित विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए अपने निज धाम लौट आए। चंद्रपुर धार्मिक नगर में पारंपरिक रीति रिवाज, धार्मिक अनुष्ठान और अगाध श्रद्धा के साथ बाहुड़ा यात्रा पुनर्यात्रा धूमधाम से निकाली गई।

रथयात्रा के दिन नगर के प्रमुख मार्गों भारत माता चौक, मंदिर गली, देवांगन मोहल्ला, यादव मोहल्ला एवं बस स्टैंड सहित विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए महाप्रभु जगन्नाथ रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले थे। इसके बाद परंपरा अनुसार वे मौसी मां के मंदिर पहुंचे, जहां 8 दिनों तक भक्तों ने पारंपरिक व्यंजनों का भोग लगाया। शुक्रवार को विदाई के दौरान बाहुड़ा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। जयकारों और शंखनाद के बीच भक्तों ने भगवान के रथ को खींचकर अपनी अटूट आस्था प्रकट की। नगर भ्रमण करते हुए रथ पुनः जगन्नाथ मंदिर पहुंचा। मंदिर में प्रवेश के साथ ही भगवान अपने धाम में विश्राम के लिए विराजमान हो गए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अब मंदिर में भगवान की नियमित पूजा अर्चना और सभी परंपरागत अनुष्ठान पुनः सुचारू रूप से संपन्न होंगे।

# एडीएम ने ट्रांसपोर्टर्स, उद्योगों और खनन कंपनियों के प्रतिनिधियों की ली संयुक्त बैठक

- अवैध पार्किंग पर सख्ती, औद्योगिक वाहनों की फिटनेस को लेकर दिए कड़े निर्देश

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले में राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर भारी वाहनों की अवैध पार्किंग की रोकथाम औद्योगिक वाहनों की अनिवार्य फिटनेस जांच तथा परिवहन व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो की अध्यक्षता में ट्रांसपोर्टर्स, उद्योगों एवं खनन कंपनियों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के सुओ मोटू रिट याचिका तथा फालोदी दुर्घटना प्रकरण में पारित आदेशों के अनुपालन पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के किनारे भारी वाहनों की अवैध पार्किंग किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। ऐसे मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही सभी उद्योगों, खनन कंपनियों एवं ट्रांसपोर्टर्स से अपने वाहनों की नियमित फिटनेस जांच कराने तथा सड़क सुरक्षा संबंधी सभी मानकों का पालन करने की अपेक्षा की गई। चालकों के लिए मूलभूत सुविधाएं विकसित करने पर विशेष जोर बैठक में औद्योगिक एवं खदान क्षेत्रों में आपूर्ति और परिवहन कार्य में लगे भारी वाहनों के चालकों एवं परिचालकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान पर्याप्त पार्किंग स्थल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टिव टेप की व्यवस्था, वाहनों की धुलाई के लिए पानी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जिला खनिज अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के अधिकारी, ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी, विभिन्न उद्योगों एवं खनन कंपनियों के प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



**छह स्थानों पर पार्किंग की मांग**

बैठक में ट्रांसपोर्टर्स एवं उद्योग प्रतिनिधियों ने जिले में भारी वाहनों के सुरक्षित पार्किंग स्थलों की आवश्यकता बताते हुए घरघोड़ा बाईपास मार्ग, बंजारी मंदिर के आसपास, पूंजीपथरा, तमनार क्षेत्र, खरसिया के रानी सागर क्षेत्र तथा गिरवानी क्षेत्र में पर्याप्त पार्किंग विकसित किए जाने का प्रस्ताव रखा। इस पर जिला प्रशासन ने मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित क्षेत्रों में उपयुक्त स्थल चिन्हांकन एवं चयन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# जंतर - मंतर पर हुए आंदोलन में लाठीचार्ज का विरोध, उग्र प्रदर्शन

**बरमकेला।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बरमकेला के अध्यक्ष किशोर पटेल के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने काली पट्टी बांधकर और काला शर्ट पहनकर केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया तथा पीएम का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी के समर्थन में नारे लगाए गए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि दिल्ली में छात्रों के आंदोलन को बलपूर्वक दबाने का प्रयास किया गया, छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया तथा विपक्ष की आवाज को दबाने के उद्देश्य से कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कांग्रेसियों ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। विरोध प्रदर्शन के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता निर्धारित समय पर बरमकेला बस स्टैंड पहुंचे। यहां पहले सभा आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न नेताओं ने अपने विचार रखे। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान बस स्टैंड परिसर में काफी देर तक राजनीतिक माहौल गर्म रहा और राहगीरों की भीड़ भी प्रदर्शन देखने के लिए एकत्रित हो गई।




## शहरवासियों से की पौधा लगाने की अपील

# वित्त मंत्री ने पौधा वितरण वाहन को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री एवं विधायक ओपी चौधरी ने अपने निवास कार्यालय से वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, वन मंडल रायगढ़ की पहल के तहत निःशुल्क पौधा वितरण वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

वित्त मंत्री ने कहा कि वन विभाग ने रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र के लोगों के लिए एक बेहद सराहनीय व्यवस्था शुरू की है। कोई व्यक्ति अपने घर, आंगन, बाड़ी, बगीचे, खेत, तालाब किनारे या किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर पौधा लगाना




चाहता है, तो उसे केवल वन विभाग के टोल फ्री नंबर पर कॉल करना होगा। कॉल प्राप्त होने के बाद विभाग की टीम सीधे उसके घर पहुंचकर निःशुल्क पौधा उपलब्ध कराएगी। इससे लोगों को पौधों के लिए नर्सरी या कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और अधिक से अधिक लोग पौधरोपण से जुड़ सकेंगे। पर्यावरण संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रकृति के प्रति सम्मान और मातृऋण चुकाने का प्रतीक है। यदि प्रत्येक नागरिक अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो आने वाले वर्षों में रायगढ़ हरियाली की नई पहचान बन सकता है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि वन विभाग द्वारा इस योजना के तहत अच्छी गुणवत्ता वाले स्वस्थ पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। नागरिक अपनी आवश्यकता के अनुसार फलदार, छायादार एवं अन्य उपयोगी प्रजातियों के पौधे प्राप्त कर सकेंगे। यदि कोई अपने घर या खेत में आम, अमरूद, नींबू अथवा अन्य फलदार पौधे लगाना चाहता है, तो उन्हें भी प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, डीएफओ रायगढ़ अरविंद पीएम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




